सूचना सबंधी ज्ञान पाने के लिए इलेक्ट्रीक संयत्रो का काफी महत्व है : बालकृष्ण

कार्यालय प्रतिनिधि

भागलपुर। राष्ट्रीय सूचना केन्द्र निक, दिल्ली के सौजन्य से ति0 मां0 भा0 विश्व0 के स्नातकोत्तर पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित ई-ग्रंथालय और न्यूज निक सॉफ्टवेयर ग्रंथालयों के नेट वर्कि और स्वचालन हेतु कार्यशाला के तीसरे अंतिम दिन समापन सह वैद्यता कार्यक्रम मनाया गया। प्रशिक्षण के इस दौरान कार्यक्रम पर प्रोफेसर ईंचार्ज डॉ0 बालकृष्ण झा ने कहा कि वैश्वीकरण के युग में सूचना संबंधी ज्ञान पाने के लिए इलेक्ट्रानिक संयंत्रों का काफी महत्व है। भारत में तकनीकी विकास लाने का भूतपूर्व युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी की देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय युवाओं ने इस क्षेत्र इस कदर अभूतपूर्व योगदान दिया है। कि संपूर्ण विश्व को इसका उदाहरण अमेरिका तक देने लगा है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल सर्विस प्राप्त करने हेतु तकनीकी ज्ञान का होना जरूरी है। विभागाध्यक्षों प्रभारी वरूण सरकार ने कार्यशाला संबंधी समस्त कार्यक्रमों में सक्रियता 'पूर्वक भागीदारी निभानेवाले विद्यार्थीयों, कार्यशाला में भाग लेनेवाले प्रशिक्षणार्थियों, समस्त मीडिया कर्मियों के प्रति धन्यवाद अर्पित किया। मौके पर पुस्तकालध्यक्ष प्रभारी डॉ0 अरूण कुमार सिन्हा, विभाग के प्राध्यापक जयन्त कुमार सिन्हा और वसंत कुमार चौधरी, किरण सिन्हा, भवानीदत्त झा, नरेन्द्र नाथ झा, राजेन्द्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।

अंग भारत, भागलपुर
13-11-2009
पृ0-3